JAIPUR METRO

# जयपुर मेट्रो रेल कॉरपोरेशन लिमिटेड

एडमिन बिल्डिंग, मेट्रो डिपो, भृगु पथ, मानसरोवर, जयपुर–302020

**E-mail:** pro@jaipurmetrorail.in **Phone No:** 0141-2822760

---

2025 / 12 / 429–प्रेस विज्ञप्ति | दिनांकः 26.12.2025

## यात्री सुविधा हेतु जयपुर मेट्रो फेज–2 को लेकर मेट्रो प्रशासन एवं एयरपोर्ट प्रशासन के मध्य हुई समन्वय बैठक।

जयपुर, 26 दिसम्बर, 2025। जयपुर मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन (JMRC) द्वारा जयपुर मेट्रो फेज–2 के क्रियान्वयन को लेकर जयपुर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर पिछले दिनों एक उच्चस्तरीय समन्वय बैठक आयोजित की गई। बैठक में JMRC, DGCA, CISF, BCAS, AAI एवं जयपुर एयरपोर्ट प्रबंधन के वरिष्ठ अधिकारियों ने भाग लिया।

बैठक को सूरजमल, संयुक्त महानिदेशक (नागर विमानन महानिदेशालय) एवं महेश भुराडिया, निदेशक कंपनी मामलात,जयपुर मेट्रो ने सामूहिक रूप से संबोधित करते हुए बताया की एयरपोर्ट के टर्मिनल–1, टर्मिनल–2 तथा प्रस्तावित टर्मिनल–3 को मेट्रो के एयरपोर्ट पर प्रस्तावित भूमिगत मेट्रो स्टेशन के साथ निर्बाध रूप से जोड़ने की योजना पर चर्चा की गई है। हवाई अड्डे तक प्रत्यक्ष मेट्रो कनेक्टिविटी से यात्रियों को बेहतर आवागमन की सुविधा प्राप्त होगी तथा शहर में सुगम, सुरक्षित और पर्यावरण–अनुकूल परिवहन को बढ़ावा मिलेगा।

JMRC के निदेशक (कंपनी मामलात) महेश भुराडिया ने कहा कि सीतापुरा से टोड़ी मोड़ तक, एयरपोर्ट होते हुए प्रस्तावित मेट्रो कॉरिडोर जयपुर को_विश्वस्तरीय शहरी परिवहन सुविधा प्रदान करेगा।

अनिमेष भट्ट, चीफ एयरपोर्ट ऑफिसर, जयपुर एयरपोर्ट ने कहा कि मेट्रो अलाइनमेंट, यात्री आवागमन प्रबंधन तथा सुरक्षा मानकों पर विस्तृत विचार–विमर्श किया गया है, और सभी एजेंसियों ने मिलकर परियोजना को शीघ्र और प्रभावी रूप से आगे बढ़ाने की प्रतिबद्धता व्यक्त की।

जनसंपर्क अधिकारी
जयपुर मेट्रो